# Daily Current Affairs
# 31 May 2022



# Daily Current Affairs

BYJU'S EXAM PREP

## Table of Content


1. जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क
2. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण सम्मेलन
3. ऑपरेशन रक्त चंदन
4. उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता
5. गोवा स्थापना दिवस
6. परम अनंत सुपरकंप्यूटर
7. विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2022

**Important News: India**

## 1. जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क

**चर्चा में क्यों:**

- इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस (ICCR) के दस दिवसीय कार्यक्रम जनरल नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क का समापन हुआ।



**प्रमुख बिंदु:**

- जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम के तहत लोकतांत्रिक देशों से युवा भारत आते हैं तथा कार्यक्रम के दौरान, वे भारत की विरासत, संस्कृति और भारतीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से परिचित होते हैं।
- समापन समारोह में छह देशों- घाना, बांग्लादेश, पेरू, नेपाल, ब्रुनेई और नॉर्वे के 27 प्रतिनिधियों द्वारा भारत आने के अपने अनुभव साझा किये गए है।
- भूटान, जमैका, मलेशिया, पोलैंड, श्रीलंका, स्वीडन, तंजानिया और उजबेकिस्तान के युवा प्रतिनिधियों द्वारा जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम के तहत युवा भारतीय सांसदों से मुलाकात भी की गयी और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा आयोजित भारत यात्रा के अपने अनुभव साझा किये गए।

**संबंधित तथ्य:**

**भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर)**

- भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR), भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।
- इसकी स्थापना 1950 में स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद द्वारा की गयी थी, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद अन्य देशों और उनके लोगों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से भारत के वैश्विक सांस्कृतिक संबंधों में शामिल है।
- यह 1965 में भारत सरकार द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय समझ के लिए जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार का भी संचालन किया जाता है, जिसका अंतिम पुरस्कार 2009 में प्रदान किया गया था।

स्रोत: ऑल इंडिया रेडियो

### 2. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण सम्मेलन

**चर्चा में क्यों:**

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 31 मई, 2022 को शिमला में आयोजित प्रधानमंत्री 'गरीब कल्याण सम्मेलन' में भाग लिया गया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह अनूठा सार्वजनिक कार्यक्रम देश भर में राज्यों की राजधानियों, जिला मुख्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों में आयोजित किया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण सम्मेलन सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में लोगों की राय प्राप्त करने के प्रयास के तहत देश भर में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जनता के साथ सीधे बातचीत करने का अवसर प्रदान करता है।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत वित्तीय लाभ की 11वीं किस्त भी जारी की गयी है।
- सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा भारत सरकार के नौ मंत्रालयों/विभागों के विभिन्न कार्यक्रमों के लाभार्थियों से सीधे संवाद भी किया गया है।

**स्रोत: जनसत्ता**

### 3. ऑपरेशन रक्त चंदन

**चर्चा में क्यों:**

- राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा ऑपरेशन रक्त चंदन के तहत 14.63 मीट्रिक टन लाल चंदन को जब्त किया गया है।



**प्रमुख बिंदु:**

- लाल चंदन एक वनस्पति-प्रजाति है जो आंध्र प्रदेश के पूर्वी घाट क्षेत्र में जंगलों में पाया जाता है और प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) द्वारा लाल चंदन को 'लुप्तप्राय सूची' के अंतर्गत नामित किया गया है।
- लाल चंदन को वन्यजीव जीवों और वनस्पतियों (सीआईटीईएस) की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन के परिशिष्ट-द्वितीय में भी सूचीबद्ध किया गया है।

- इसके समृद्ध रंग और चिकित्सीय गुण सौंदर्य प्रसाधन, औषधीय उत्पादों और उच्च अंत लकड़ी के शिल्प में उपयोग के लिए एशिया, विशेष रूप से चीन में इसकी उच्च मांग हैं।
- भारत से लाल चंदन का निर्यात विदेश व्यापार नीति के अनुसार प्रतिबंधित है।

**स्रोत: पीआईबी**

## Important News: State

### 4. उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता

**चर्चा में क्यों:**




- उत्तराखंड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता (UCC) को लागू करने और उत्तराखंड के निवासियों के व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले सभी प्रासंगिक कानूनों की समीक्षा करने हेतु सर्वोच्च न्यायालय (SC) के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- समान नागरिक संहिता पूरे देश के लिये एक समान कानून के साथ सभी धार्मिक समुदायों (हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई) के लिये विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने जैसे कानूनों में भी एकरूपता प्रदान करने का प्रावधान करती है।
- भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्त्वों के तहत अनुच्छेद 44 में वर्णित किया गया है कि राज्य भारत के सम्पूर्ण क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।
- लगभग सभी सिविल मामलों में भारत द्वारा एक समान नागरिक संहिता का अनुसरण किया जाता है, जैसे- भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1972, नागरिक प्रक्रिया संहिता, माल बिक्री अधिनियम, संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, 1882, भागीदारी अधिनियम 1932, साक्ष्य अधिनियम 1872 आदि।
- वर्तमान में गोवा एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता को राज्य में लागू किया है।

**स्रोत: पीआईबी**

### 5. गोवा स्थापना दिवस



- प्रत्येक वर्ष 30 मई को गोवा के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- पुर्तगालियों द्वारा गोवा पर लगभग 450 सालों तक शासन किया गया और दिसंबर 1961 में गोवा को भारतीय प्रशासन को सौंपा गया।
- वर्ष 1961 में पुर्तगालियों के साथ राजनयिक प्रयासों की विफलता के बाद भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन विजय के माध्यम से 19 दिसंबर को दमन और दीव तथा गोवा को भारतीय मुख्य भूमि के साथ मिलाया गया।
- 30 मई 1987 को इस क्षेत्र का विभाजन किया गया और गोवा राज्य का गठन हुआ तथा दमन और दीव को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया।

**स्रोत: पीआईबी**

**Important News: Science & Technology**

BYJU'S EXAM PREP

### 6. परम अनंत सुपरकंप्यूटर

**चर्चा में क्यों:**



- परम अनंत सुपरकंप्यूटर को IIT गांधीनगर में स्थापित किया गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- परम अनंत सुपरकंप्यूटिंग सुविधा राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के चरण 2 के तहत स्थापित की गई है।
- राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा संचालित एक संयुक्त पहल है।
- परम अनंत सुपरकंप्यूटर एक 838 टेराफ्लॉप्स सुपरकंप्यूटिंग सुविधा से लैस है और यह संपर्क तरल शीतलन तकनीक पर आधारित है।
- राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत अभी तक देश भर में 24 पेटाफ्लॉप की कुल गणना क्षमता के साथ 15 सुपर कंप्यूटर स्थापित किए जा चुके हैं। ये सभी सुपर कंप्यूटर भारत में निर्मित हैं और सेंटर फॉर डेवलपमेंट इन एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) द्वारा विकसित स्वदेशी रूप से विकसित सॉफ्टवेयर स्टैक पर कार्यरत हैं।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

**Important News: Days**

## 7. विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2022




- प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और वैश्विक साझेदारों द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस (WNTD) आयोजित किया जाता है।
- विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2022 का विषय 'पर्यावरण की रक्षा' है।
- विश्व तंबाकू निषेध दिवस तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।
- भारत द्वारा 'WHO फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल' (WHO FCTC) के तहत तंबाकू नियंत्रण प्रावधानों को अपनाया गया है, जिसमे शामिल है-
    1. मूल्य और कर उपाय।
    2. तंबाकू पैकेजों पर बड़ी ग्राफिक चेतावनियाँ।
    3. शत-प्रतिशत धूम्रपान मुक्त सार्वजनिक स्थान।
    4. तंबाकू के विपणन पर प्रतिबंध।
    5. तंबाकू छोड़ने वालों का समर्थन करना।
    6. तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप को रोकना ।

**स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर**